प्रेरणा
"समय से सब कुछ मिलता है समय से पूर्व की चाहत दुख का कारण बनती है।"

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज


जन्माष्टमी की बधाई...

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 19 AUGUST TO 25 AUGUST 2022 • VOLUME-05 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING


INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY
✓ WORK
✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD




*T&C apply

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.


# दुष्प्रचार फैलाने वाले 8 यूट्यूब चैनल ब्लॉक

**नई दिल्ली :** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए 16 अगस्त 2022 को आठ (8) यूट्यूब आधारित समाचार चैनलों, एक (1) फेसबुक अकाउंट और दो फेसबुक पोस्ट को ब्लॉक करने के आदेश जारी किए हैं। ब्लॉक किए गए इन यूट्यूब चैनलों की कुल दर्शकों की संख्या 114 करोड़ से अधिक थी और उन्हें 85 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं द्वारा सब्सक्राइब किया गया था। इनमें लोकतंत्र टीवी, यू एंड वी टीवी, एएम राजवी, गौरवशाली पावन मिथिलांचल, सीटॉप5टीएच, सरकारी अपडेट, सब कुछ देखो व पाकिस्तान का न्यूज की दुनिया चैनल शामिल हैं।




इनमें से कुछ यूट्यूब चैनलों द्वारा प्रसारित सामग्री (कंटेंट) का उद्देश्य भारत में विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाना था। ब्लॉक किए गए यूट्यूब चैनलों के विभिन्न वीडियो में झूठे दावे किए गए थे। ऐसे उदाहरणों में भारत सरकार ने धार्मिक संरचनाओं को गिराने का आदेश दिया; भारत सरकार ने धार्मिक त्योहारों के उत्सव मनाने पर प्रतिबंध लगाया; भारत में धार्मिक युद्ध की घोषणा आदि जैसी फर्जी खबरें शामिल हैं। इस तरह के कंटेंट से सांप्रदायिक विद्वेष पैदा हो सकने और देश में सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ सकने की आशंका थी।

इन यूट्यूब चैनलों का इस्तेमाल भारतीय सशस्त्र बलों और जम्मू एवं कश्मीर आदि जैसे विभिन्न विषयों पर फर्जी समाचार पोस्ट करने के लिए भी किया गया था। ऐसे कंटेंट को राष्ट्रीय सुरक्षा एवं दूसरे देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के दृष्टि से पूरी तरह से गलत और संवेदनशील माना गया। मंत्रालय द्वारा ब्लॉक किए गए ऐसे कंटेंट को भारत की संप्रभुता एवं अखंडता, देश की सुरक्षा, दूसरे देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों और देश में सार्वजनिक व्यवस्था के लिए हानिकारक पाया गया। तदनुसार, ऐसे कंटेंट को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के दायरे में शामिल किया गया।

ब्लॉक किए गए भारतीय यूट्यूब चैनलों को फर्जी एवं सनसनीखेज थंबनेल, कुछ टीवी समाचार चैनलों के समाचार एंकरों की तस्वीरों और प्रतीक चिन्ह (लोगो) का उपयोग करते हुए पाया गया ताकि दर्शकों को यह विश्वास दिलाया जा सके कि परोसा गया समाचार प्रामाणिक है।

मंत्रालय द्वारा ब्लॉक किए गए सभी यूट्यूब चैनल अपने वीडियो में सांप्रदायिक सदभाव, सार्वजनिक व्यवस्था और भारत के विदेश संबंधों की दृष्टि से हानिकारक फर्जी कंटेंट वाले विज्ञापन प्रसारित कर रहे थे।

इस किस्म की हरकतों को देखते हुए, मंत्रालय ने दिसंबर 2021 से 102 यूट्यूब आधारित समाचार चैनलों और कई अन्य सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए हैं। भारत सरकार एक प्रामाणिक, भरोसेमंद और सुरक्षित ऑनलाइन समाचार मीडिया का वातावरण सुनिश्चित करने और भारत की संप्रभुता एवं अखंडता, राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# धोखे से कंडम कारें बेचने वाले 3 गिरफ्तार; 40 कारें बरामद

## आर. टी. ए. की भूमिका की भी की जा रही है जांच : डीजीआईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर

**• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़/ फतेहगढ़ साहिब**

पंजाब पुलिस ने इस्तेमाल की गई कारों की बिक्री से सम्बन्धित एक बड़े घपले का पर्दाफाश करते हुये मानसा के एक कबाड़ीए (स्क्रैप डीलर) समेत तीन व्यक्तियों को सक्रैपड मारुति सुजुकी कारों के चैसी नंबरों के साथ छेड़छाड़ करके पंजाब और अन्य राज्यों के ग्राहकों को वैध वाहनों के तौर पर रजिस्टर्ड करवा के बेचने के दोष में गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुये आज यहाँ रोपड़ रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पटियाला के बहादुरगड़ में स्थित एटेलियर आटोमोबाईलज़ नाम की एक



अधिकारित मारुति सुजुकी डीलरशिप ने शोरूम में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुयी कम से कम 87 कारें स्क्रैप डीलर को सिर्फ़ 85 लाख रुपए में बेची थीं। कारें बिल्कुल नयी थी परन्तु बाढ़ प्रभावित शोरूम में खड़ी होने के कारण अधिकारित तौर पर 'कंडम' करार दीं गई थीं।

इनको 27 जुलाई, 2019 को मानसा स्थित एक स्क्रैप डीलर को बेच दिया गया था जिसकी पहचान पुनीत गोयल के तौर पर हुई है, जो मैसर्ज पुनीत ट्रेडिंग कंपनी का मालिक है। फ़िलहाल, गोयल फ़रार है और उसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमों से तरफ से छापेमारी जारी है। गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान राजपाल सिंह ( पुनीत गोयल के पिता), जसप्रीत सिंह उर्फ रिंकू ( मास्टरमाईंड और कार डीलर) दोनों निवासी मानसा और नवीन कुमार ( आर. टी. ए. एजंट) बठिंडा के तौर पर हुई है। इसके इलावा पुलिस ने मालिक पुनीत गोयल के ख़िलाफ़ भी मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने 40 कारें भी बरामद की हैं जिनमें आठ स्याज़, दो सविफट, आठ सविफट डिज़ायर, चार बलीनो, तीन बरेजा, 10 आलटो के, दो सेलेरीयो और एक- एक अरटिगा, ऐस-क्रास और इगनिस शामिल हैं। डी. आई. जी गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आगे वाली पेपर ट्रेल की गहराई से जांच करने पर यह बात सामने आई है कि यह 87 वाहन जिनके चैसी नंबर एजेंसी स्क्रैप करने से पहले मिटा दिए गए थे, जिससे वह आगे इस्तेमाल न किये जा सकें। यह वाहन पंजाब और अन्य राज्यों के अलग-अलग आरटीए दफ्तरों में काम करते व्यक्तियों की मिलीभुगत के साथ जालसाज़ी करके वैध वाहनों के तौर पर रजिस्टर्ड किये गए थे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग आर. टी. ए. दफतरों के अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एफआईआर नंबर 118 भारतीय दंडवली की धारा 420, 465, 467, 468, 471, 473, और 120 बी के अंतर्गत फतेहगढ़ साहिब के सरहन्द पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# सड़क मार्गों के साथ लगते व्यापारिक अदारों से बकाए वसूलने के निर्देश

**• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ की तरफ से सड़कों के साथ लगते व्यापारिक अदारों जैसे कि पेट्रोल पंप, मैरिज पेलेस, प्राईवेट स्कूल, प्राईवेट अस्पताल, औद्योगिक फ़ैक्टरियाँ, होटलों/ ढाबों आदि से पहुँच मार्ग सम्बन्धी बकाए की तुरंत वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस मामले को गंभीरता के साथ लेते हुये आज यहाँ लोक निर्माण विभाग के कामकाज का जायज़ा लेने के मौके पर स. हरभजन सिंह ई. टी. ओ. ने राज मार्गों के साथ लगते कई अदारों की तरफ से पहुँच मार्ग की मंजूरी न लेने और जिन्होंने मंजूरी ली है, उनकी तरफ से बनती फीस जमा न करवाने के



कारण राजस्व को होने वाले नुक्सान पर गहरी चिंता ज़ाहिर की। उन्होंने फील्ड अधिकारियों को इस सम्बन्धित वसूली के लिए समयबद्ध योजना तैयार करके इसको लागूकरण के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि कोई अधिकारी इस सम्बन्धी लापरवाही करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख़्त कार्यवाही की जायेगी।



## गोविंद बोलो...जय गोपाल बोलो...राधा रमन...

**• जालंधर के गोपाल नगर स्थित श्री कृष्ण मुरारी मंदिर में गुरूवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मंदिर प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी चमन लाल कोछड़, उमा महेशवर (महासचिव), वीएम चड्डा, नरेश राजन वासन, भारत भूषण नारंग, सोम प्रकाश गुगलानी, अजीत सिंह भल्ला, सतपाल प्रभाकर,भगवती प्रसाद, सुभाष मल्होत्रा, सुभाष वर्मा, सुभाष तनेजा, नरेंद्र कुमार शर्मा व अश्वनी वाधवा भी मौजूद थे।**



# आम आदमी पार्टी मीडिया में दलीलें मजबूती से पेश कर रही है परन्तु अदालतों में यह दलीलें फेल साबित हो रही हैं

**• जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर

आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा जल्दबाजी में किए जा रहे फैसलों से हाईकोर्ट में हो रही फ़ज़ीहत। बदलाव के दावे के बूते सत्ता हथियाने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। इसका कारण अपनी नाकामयाबियों से ध्यान हटाने के लिए जल्दबाज़ी में अफसरों से फैसले करवाकर लोगों को उलझाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे एक नहीं अनेक उदाहरण हैं जिसमें सरकार ने पंचायती जमीनों के अभियान को छेड़ा हुआ है। जिसमें कई बार हाईकोर्ट द्वारा नोटिस जारी हो चूका है। जिसमें एक वकील द्वारा अक्सर मीडिया में आकर इनकी धक्केशाही का विरोध किया और अंजाम भुगतने के लिए सरकार और अफसरों को कानून हाथ में ना ले उसके बारे में चेताया है और मामले को कोर्ट ले जाकर सरकार को नोटिस भी करवाया।


ब्रिकम सिंह मजीठिया को जमानत के फैसले पर सरकार को जोर का झटका धीरे से लगा।




ये तो छोटे मामले है परन्तु सरकार की फजीहत तो तब हुई जब हाईकोर्ट ने 1200 एकड़ जमीन मामले में स्टे लगा दिया और सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। ऐसा ही सरकार द्वारा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) विभाग में कानून से परे जाकर ठेकेदारों की सड़कों के सैंपल लेकर उसको रिजेक्ट कर दिया परन्तु उसमें ठेकेदारों द्वारा हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया गया और हाईकोर्ट द्वारा विभागों के सभी निर्देशों पर रोक लगा दी और कानून में मुताबिक कार्रवाई ना करने पर सरकार से नोटिस कर जवाब मांगा जिसकी सुनवाई कुछ ही दिनों बाद हाईकोर्ट में दोबारा होगी। पूर्व सेहत मंत्री डॉ. विजय सिंगला के मामले में भी कुछ ऐसा ही हुआ। भ्रष्टाचार के केस में गिरफ्तार करने के बाद उनको ज़मानत मिलना 'आप' सरकार पर कई तरह के सवाल खड़े कर गया। ऐसे कई मामले हैं जिसमें विजिलेंस विभाग द्वारा की गई कार्रवाइयों पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगा दी गई। पीड़ित पक्ष को जमानत दे दी गई। इसमें कानूनी माहिरों का कहना है कि सरकार के फैसले जल्दबाज़ी में लिए हुए हैं और सबसे प्रमुख और हाई प्रोफाइल ड्रग्स मामले में जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री के साले बिक्रम सिंह मजीठिया को फ़ंसाने के लिए कई पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति और फिर तबादला किया गया। जिसमें कंाग्रेस सरकार में पूर्व प्रधान द्वारा कई बार कहा गया लम्बू टंग दिता परन्तु लम्बू को टांगते ठोको ताली खुद टंग गया और मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार इतनी संगीन धाराओं के लगने के बावजूद सरकार मजीठिया की ड्रग्स जैसे मामले में जमानत नहीं रोक पाई। जिसमें मीडिया और लोगों के बीच आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा जिस प्रकार जजमेंट में लिखा गया कि बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है।

इससे आम आदमी पार्टी की सरकार भी निकाय मंत्री रहते हुए नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा बिना सोचे-समझे किए फैसलों की राह पर चलते हुए नज़र आ रही है। क्यूंकि जिन अधिकारियों को सिद्धू द्वारा भ्रष्ट बताकर सस्पेंड किया गया था वो उनकी सरकार से ही प्रमोशन लेकर मौजूदा सरकार में अच्छे पदों पर फिर से तैनात है और नवजोत सिंह सिद्धू ना मंत्री रहा और ना प्रधान और ना ही विधायक इससे मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान को अपने दिमाग से काम लेना चाहिए ना की किसी और के दिमाग से।

# पैचअप के बाद अगर पार्टनर करने लगे ये बातें, तो लम्बा नहीं चल सकता रिलेशनशिप

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

लॉन्ग टर्म रिलेशनशिप में ऐसी सिचुएशन खूब देखने को मिलती है। जहां बार-बार ब्रेकअप और पैचअप चलता रहता है लेकिन अगर आप रिश्ते को दूसरा मौका दे रहे हैं, तो आपको कुछ बातों को समझने की जरूरत है।



RELATIONSHIP



रिलेशनशिप में कई बार ऐसा होता है कि किसी बात पर बहस होती है और ब्रेकअप तक हो जाता है। फिर हमें लगता है कि सबकुछ खत्म हो गया। इसके बाद कुछ दिन उदासी भरे गुजरते हैं और फिर हम फिर से पैचअप करने की कोशिशों में लग जाते हैं। हमें एक्स पार्टनर का सिर्फ एक कॉल या मैसेज का इंतजार रहता है। लॉन्ग टर्म रिलेशनशिप में ऐसी सिचुएशन खूब देखने को मिलती है। जहां बार-बार ब्रेकअप और पैचअप चलता रहता है लेकिन अगर आप रिश्ते को दूसरा मौका दे रहे हैं, तो आपको कुछ बातों को समझने की जरूरत है। जैसे, अगर आपको दुबारा पैचअप होने के बाद कुछ संकेत दिखते हैं, तो आपको समझ जाना चाहिए कि आपका रिश्ता ज्यादा टाइम तक नहीं चल सकता।

### बार-बार पुरानी बातें छेड़ना

जब आप फिर से रिलेशनशिप शुरू कर रहे हैं, तो इसका सीधा-सा मतलब है कि आपको फिर से स्ट्रेस हो सकता है। बार-बार पुरानी बातों को छेड़ने से फिर से रिश्ते में कड़वाहट आएगी। आपका पार्टनर अगर ऐसा करता है, तो आपको इस बात को सीरियसली लेना चाहिए।

### आपके परिवार का मजाक उड़ाना

रिलेशनशिप में एक-दूसरे के परिवार की भी इज्जत करनी चाहिए लेकिन अगर आपका पार्टनर दुबारा रिश्ता जुड़ने पर फिर से आपके परिवार या दोस्तों का मजाक उड़ाता है, तो आपको समझ जाना चाहिए कि फिर से लड़ाई की नौबत आने वाली है और इस पैचअप का कोई मतलब नहीं है।

### अपने एक्स का जिक्र करना

हर किसी का पास्ट होता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप हमेशा अपने पास्ट में ही जीते रहें। आपका पार्टनर अगर दुबारा पैचअप होने पर अपने एक्स की तुलना आपसे करता है या उसके बारे में हमेशा बात करता है, तो आपको समझ जाना चाहिए कि आपका रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकता।

### क्लियर न होना

आपके पार्टनर को लगता है कि आप दोनों साथ नहीं रह सकते या फिर आपको और वक्त चाहिए, तो साफ है कि इस रिश्ते में डाउट है और आपको इससे टाइम रहते निकल जाना चाहिए। जब किसी को रिलेशनशिप को लेकर ही कुछ क्लियर नहीं है, तो फिर ऐसे रिश्ते में रहने से आपको सिर्फ दुख ही मिलेगा।

TRAVLING

# ट्रैवलिंग को एंजॉय करने के लिए अपनाएं कुछ टिप्स, यादगार बनेगा ट्रिप

बात जब घुमक्कड़ों की हो तो वह घूमने को लेकर हमेशा एक्साइटेड रहते हैं। लेकिन वही बात साल में एक या दो बार घूमने जाने वालों की करें तो वह ट्रिप पर भी आलसी हो जाते हैं। यहां देखें कुछ ट्रैवल टिप्स...




ट्रैवलिंग को पूरी तरह से एंजॉय करने के लिए आपको काफी कुछ चीजों पर ध्यान देना चाहिए। घुमक्कड़ों के लिए किसी भी ट्रिप को एंजॉय करना आसान होता है क्योंकि वह घूमने के लिए एक्साइटेड रहते हैं। लेकिन वह लोग जो साल में एक या दो बार ट्रिप प्लान करते हैं उन लोगों में घूमने को लेकर एक्साइटमेंट तो होती है लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। यहां हम बता रहे हैं कुछ ट्रैवल टिप्स के बारे में जो आपके ट्रिप को आसान बनाने में मदद कर सकते हैं।

सब्र रखें- ट्रैवल के दौरान सब्र रखना जरूरी है। ट्रैवल के दौरान हर समय गुस्सा और नाराज होने से ट्रिप खराब हो सकता है।ट्रिप पर छोटी बड़ी कठिनाईयां सामने आ सकती हैं। ऐसे में सब्र रख कर आप सभी चीजों को हल कर सकते हैं।

### सुबह जल्दी निकलें

पर्यटकों की  भीड़ से बचते हुए सूर्योदय से पहले उठें और फिर सबसे अच्छे नजारों को एंजॉय करें। स्थानीय लोगों के साथ अपने दिन के लिए तैयार होने के साथ बातचीत करना आमतौर पर आसान होता है। सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए अच्छी तस्वीरें चाहिए तो आपको जल्दी निकलना होगा।

### थोड़ा स्लो होना अच्छा है

ट्रिप को एंजॉय करने के लिए आप थोड़ा स्लो हो सकते हैं। जब किसी जगह को एक्सप्लोर करें तो आराम से उसे देखें और एंजॉय करें।

### निराश न हों

ट्रिप पर निराश न हों, इस बात को ध्यान में रखें कि कुछ भी मुश्किल नहीं है। आपको जो करना है वह करें। अपने मन की सुने और अपने ट्रिप का पूरा मजा लेने की कोशिश करें।

### अपने कम्फर्ट से बाहर निकलें

अपने घर में हम सभी आराम से रहते हैं। ट्रिप पर उन चीजों को अजमाएं जो आपके लिए चुनौतीपूर्ण हों। क्योंकि आपको क्या पता कि अगली बार आप इस जगह पर फिर कब आएंगे।

### ओपन माइंड के साथ घूमें

दूसरों के लाइफस्टाइल को जज किए बिना अपने ट्रैवल को एंजॉय करें। जि जगह पर जा रहे हैं वहां के लोकल फूड, ड्रेस और कल्चर का मजा लें।



# दिन को खास बना देगी गर्मागर्म केसरिया जलेबी, बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

मीठा खाने के शौकीन लोग लंच हो या डिनर, खाना खाने के बाद मीठा खाने का बहाना ढूंढते हैं। अगर आप भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल हैं तो जरुर ट्राई करें केसरिया जलेबी को बनाने के ये टिप्स।



मीठा खाने के शौकीन लोग लंच हो या डिनर, खाना खाने के बाद मीठा खाने का बहाना ढूंढते हैं। अगर आप भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल हैं तो जरूर ट्राई करें केसरिया जलेबी को बनाने के ये टिप्स।

ये जलेबी बनने में जितनी आसान है खाने में उतनी ही खाने में भी स्वादिष्ट होती हैं। अगर आपको लगता है कि आप घर पर हलवाई जैसी करारी जलेबी नहीं बना सकती तो फॉलो करें ये टिप्स।

**जलेबी के लिए घोल बनाने की सामग्री-**

-1/2 कप मैदा
-1 टेबलस्पून कॉर्न स्टार्च (कॉर्न फ्लोर) या अरारूट पाउडर
-1/4 टीस्पून बेकिंग पाउडर
-पीला रंग या चुटकी भर हल्दी-
-1/4 कप दही
-1/4 कप पानी

**चाशनी बनाने की सामग्री-**

-1/2 कप शक्कर
-1/4 कप पानी
-1 टी स्पून नींबू का रस
-एक चुटकी इलायची पाउडर
-5-7 केसर

**जलेबी बनाने का तरीका-**

जलेबी बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 1/2 कप मैदा छान लें। उसमें 1 टेबलस्पून कॉर्न स्टार्च, 1/4 टी स्पून बेकिंग पाउडर, एक चुटकी हल्दी पाउडर या पीला रंग और 1/4 कप दही डालें। अब जरूरत के अनुसार पानी (लगभग 1/4 कप) डालकर गाढ़ा घोल तैयार कर लें। ध्यान रखें घोल बनाते समय घोल में कोई गांठ ना रहे।

# रतन टाटा ने 25 साल के युवा के स्टार्टअप पर लगाया दांव, जानिए क्या करती है कंपनी

**आपको बता दें कि रतन टाटा ने जिस नए स्टार्टअप में निवेश का ऐलान किया है, उसकी स्थापना शांतनु नायडू ने की है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने वाले 25 वर्षीय नायडू टाटा के कार्यालय में हैं।**



उद्योग जगत के दिग्गज कारोबारी रतन टाटा ने वरिष्ठ नागरिकों को सेवा के रूप में सहयोग देने वाले स्टार्टअप गुडफेलोज में निवेश की घोषणा की है। हालांकि, निवेश की रकम के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। आपको बता दें कि टाटा समूह से रिटायरमेंट के बाद से रतन टाटा, कई स्टार्टअप में पैसे लगा चुके हैं।

**कौन है फाउंडर:** अब रतन टाटा ने जिस नए स्टार्टअप में निवेश का ऐलान किया है, उसकी स्थापना शांतनु नायडू ने की है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने वाले 25 वर्षीय नायडू टाटा के कार्यालय में हैं और 2018 से टाटा की सहायता कर रहे हैं।

**क्या है स्टार्टअप की खास बातें:** यह स्टार्टअप वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों के साथी के रूप में 'काम' करने के लिए युवा स्नातकों को काम पर रखता है। कंपनी मुंबई में अपने बीटा चरण में पिछले छह महीनों से 20 बुजुर्गों के साथ काम कर रही है और आगे पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु में सेवाएं देने की योजना बना रही है।

**रतन टाटा ने क्या कहा:** 84 वर्षीय रतन टाटा ने स्टार्टअप की तारीफ की और कहा कि जब तक आप वास्तव में बूढ़े नहीं हो जाते, तब तक किसी को भी बूढ़े होने का मन नहीं करता। उन्होंने यह भी कहा कि एक अच्छे स्वभाव वाला साथी हासिल करना भी एक चुनौती है।

वहीं, स्टार्टअप के मुखिया नायडू ने रनत टाटा को एक बॉस, एक संरक्षक और एक मित्र के रूप में संबोधित करते हुए बताया कि दुनिया में पांच करोड़ बुजुर्ग हैं, जो अकेले हैं। नायडू ने कहा कि वह पूरे देश में विस्तार करना चाहते हैं, लेकिन गुणवत्ता से समझौता किए बिना धीमी गति से आगे बढ़ना पसंद करेंगे।

# पाचन के लिए सुपरफूड है किचन में मौजूद ये 3 चीजें, हेल्दी रहने के लिए डाइट में जरूर करें शामिल

HEALTH+

**किसी भी छोटी परेशानी से निपटने के लिए भारती किचन में मौजूद कुछ चीजें खूब काम आती हैं। यहां हम बता रहे हैं तीन सुपरफूड के बारे में जो पेट से जुड़ी समस्याओं से निपटने में मददगार साबित हो सकती हैं।**

बारिश के मौसम में इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सबसे जरूरी होता है कि आप अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करें। अब इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए आपकी किचन में मौजूद चीजें काफी हैं। भारतीय किचन में जरूरी जड़ी बूटी और मसाले आसानी से मिल जाते हैं। जो आमतौर पर खाना पकाने में इस्तेमाल होते हैं। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ दीक्सा भावसार के लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट के मुताबिक आपकी किचन में तीन ऐसी चीजें हैं जो आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करती हैं और आपके पाचन को बेहतर बनाती हैं। यहां देखिए वह तीन चीजें



**1) सूखा अदरक (सोंठ)**- सूजन, जोड़ों का दर्द, पीरियड्स में ऐंठन, पेट में दर्द, गैस्ट्रिक परेशानी जैसी कई बीमारी में सूखा अदरक अच्छा उपाय साबित हो सकता है। इसकी चाय बनाई जा सकती है। ये इम्यूनिटी, सर्दी और खांसी के में इस्तेमाल किया जा सकता है। 1 चम्मच अदरक पाउडर 1 चम्मच हल्दी और शहद के साथ मिलाकर पीने से सांस संबंधी परेशानी के साथ-साथ ये इम्यूनिटी के लिए सबसे अच्छा काम करता है।



**2) देसी गाय का घी**- गाय के घी का इस्तेमाल त्वचा पर, बालों में, घावों पर या नाक में कुछ बूंदें डालकर किया जा सकता है। इसके कई हेल्थ बेनिफिट्स भी मिलते हैं। यह पाचन में सुधार करता है, आपके टिशू को पोषण देता है, मांसपेशियों को मजबूत करता है, आवाज, स्मृति, चमक, बाल, स्किन, प्रजनन क्षमता, इम्यूनिटी, बुद्धि, ज्ञान और बहुत कुछ में सुधार करता है। यह एक ऐसा खाना है जिसे हर कोई हर समय खा सकते हैं। इसे आप अपने रोजाना के खाने में आसानी से शामिल कर सकते हैं।





**3) पुदीना** – यह सभी मौसमों के लिए अच्छा है। यह सर्दी, खांसी, एसिडिटी, गैस, सूजन, अपच, डिटॉक्स, मुंहासे, साइनसाइटिस, कब्ज और कई चीजों में मदद करता है। इसके लिए आपको बस एक कप पुदीने की चाय चाहिए। चाहे आपका मूड खराब हो, पेट खराब हो, एनर्जी की कमी हो या साधारण सर्दी हो ये सबसे निपटने में काम आ सकती है।

# भारत की जासूसी के लिए चीन ने श्रीलंका भेजे अपने जहाज? हंबनटोटा बंदरगाह पर दिल्ली की नजर, यूएस भी चिंतित

***बैलेस्टिक मिसाइल एवं उपग्रहों का पता लगाने में सक्षम जहाज 'युआन वांग 5' स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 20 मिनट पर दक्षिणी बंदरगाह हंबनटोटा पहुंचा। यह 22 अगस्त तक वहीं रुकेगा।***

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

चीन ने अपनी स्थिति साफ करते हुए मंगलवार को कहा कि उसके हाई-टेक अनुसंधान पोत की गतिविधियों से किसी भी देश की सुरक्षा प्रभावित नहीं होगी। साथ ही उसने यह भी कहा कि किसी भी "तीसरे पक्ष" द्वारा इसे "बाधित" नहीं किया जाना चाहिए। आपको बता दें कि श्रीलंका के रणनीतिक दक्षिणी बंदरगाह हंबनटोटा में चीनी जहाज की मौजूदगी को लेकर भारत और अमेरिका ने चिंता जाहिर की थी।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि 'युआन वांग 5' जहाज 'श्रीलंका की ओर से सक्रिय सहयोग' के साथ हंबनटोटा बंदरगाह पर 'सफलतापूर्वक' उतरा है। हालांकि, वांग ने श्रीलंका को वित्तीय सहायता देने से संबंधित एक प्रश्न को टाल दिया। आपको बता दें कि चीनी ऋण सहित 51 बिलियन अमरीकी डॉलर के विदेशी ऋण ने श्रीलंका को हाल ही में दिवालिया कर दिया।

बैलेस्टिक मिसाइल एवं उपग्रहों का पता लगाने में सक्षम जहाज 'युआन वांग 5' स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 20 मिनट पर दक्षिणी बंदरगाह हंबनटोटा पहुंचा। यह 22 अगस्त तक वहीं रुकेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन कहा कि 'युआन वांग 5' "श्रीलंका के सक्रिय सहयोग" से हंबनटोटा बंदरगाह पर "सफलतापूर्वक" पहुंच गया है।



हंबनटोटा बंदरगाह को बीजिंग ने 2017 में श्रीलंका से कर्ज के बदले में 99 साल के पट्टे पर ले लिया था। श्रीलंका के बंदरगाह पर पहुंचे इस पोत की प्रौद्योगिकी को लेकर भारत और अमेरिका की चिंताओं का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए वांग ने कहा, "मैं फिर से जोर देना चाहता हूं कि युआन वांग 5 की समुद्री वैज्ञानिक अनुसंधान गतिविधियां अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय सामान्य प्रक्रिया के अनुरूप हैं।" उन्होंने कहा, "वे किसी भी देश की सुरक्षा और उसके आर्थिक हितों को प्रभावित नहीं करतीं तथा उसे किसी तीसरे पक्ष द्वारा बाधित नहीं किया जाना चाहिए।"

श्रीलंका सरकार ने पोत में लगे उपकरणों को लेकर भारत और अमेरिका द्वारा चिंता व्यक्त किए जाने के बाद चीन सरकार से इस पोत को भेजने में विलंब करने को कहा था और अंततः उसने 16 से 22 अगस्त तक जहाज को बंदरगाह पर ठहरने की अनुमति दे दी। चीन की आधिकारिक मीडिया के अनुसार, चालक दल के 2,000 से अधिक कर्मियों वाले जहाज में उपग्रहों और बैलिस्टिक मिसाइल का पता लगाने की क्षमता है।

श्रीलंका ने कहा कि उसने व्यापक विचार-विमर्श के बाद जहाज को अनुमति दी। यह पूछे जाने पर कि अब जहाज को रुकने की अनुमति दे दी गई है तो क्या श्रीलंका की चरमराई अर्थव्यवस्था को देखते हुए चीन उसे बहुत जरूरी वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

हंबनटोटा बंदरगाह पर भारत की नजर

हंबनटोटा बंदरगाह को बड़े पैमाने पर चीन से लिए गए कर्ज से विकसित किया गया है और यह अपने स्थान के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत ने कहा है कि वह अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले किसी भी घटनाक्रम पर करीब से नजर रखता है। भारत इस आशंका से चिंतित है कि जहाज की निगरानी प्रणाली भारतीय प्रतिष्ठानों की जासूसी का प्रयास कर सकती है।

भारत ने पारंपरिक रूप से हिंद महासागर में चीनी सैन्य जहाजों के बारे में कड़ा रुख अपनाया है और अतीत में इस तरह की यात्राओं के संबंध में श्रीलंका के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। साल 2014 में कोलंबो द्वारा अपने एक बंदरगाह पर परमाणु चालित एक चीनी पनडुब्बी को रुकने की अनुमति दिए जाने के बाद भारत और श्रीलंका के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।

## डोनाल्ड ट्रंप ने एफबीआई पर लगाया पासपोर्ट चोरी का आरोप, बोले- जल उठेगा यूएस



**अमेरिका.** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया है कि एफबीआई ने उनके पासपोर्ट चुरा लिया है। एफबीआई ने पिछले सप्ताह उनके ठिकानों पर छापा मारा था। डोनाल्ड ट्रंप ने एक ट्वीट में लिखा कि मार-ए-लागो पर छापे के दौरान एफबाआई ने उनके तीन पासपोर्ट चुरा लिए हैं। उन्होंने इस छापेमारी को भी राजनीतिक साजिश कहा है। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेट्स नहीं चाहते कि वह फिर से राष्ट्रपति का चुनाव लड़ें।ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर वह खुद अपने समर्थकों को शांत नहीं करेंगे तो पूरा देश जल उठेगा।

वहीं डोनाल्ड ट्रंप के ठिकाने पर छापेमारी के बाद उनके समर्थकों में गुस्सा है और वे सिविल वॉर की धमकी देने लगे हैं। डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप है कि वाइट हाउस छोड़ते वक्त वह कई सारे गुप्त दस्तावेज अपने साथ ले गए थे। इसी को लेकर एफबाआई ने छापेमारी की। हालांकि एफबाआई के हाथ कोई ऐसा दस्तावेज नहीं लगा है। एजेंसी का कहना हैकि जांच अभी जारी है।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, देश बहुत ही खतरनाक स्थिति में है। ऐसा गुस्सा मैंने कभी पहले नहीं देखा। बता दें कि पिछले सप्ताहांत ट्रंप के बहुत सारे सपोर्टर कई जगहों पर हथियार लेकर भी इकट्ठा हुए थे। इसके बाद सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है।


डोनाल्ड ट्रंप पर यह भी आरोप है कि वाइट हाउस छोड़ने से पहले उन्होंने कई दस्तावेज टॉइलट में फ्लश कर दिए थे। इस वजह से टॉइलट चोक भी होगया था। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसे सभी आरोपों को खारिज किया है। लेकिन इसको लेकर एजेंसियां लगातार छापेमारी कर रही हैं।

## एलन मस्क का एक और ऐलान- मैनचेस्टर युनाइटेड को खरीद रहा हूं

*मैनचेस्टर युनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्रेटर मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रेफोर्ड में स्थित एक इंग्लिश फुटबॉल क्लब है। इसी क्लब की तरफ से दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी खेलते हैं।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क के एक ट्वीट ने फिर से तहलका मचा दिया है। टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मस्क ने बुधवार अपने एक ट्वीट में लिखा है कि वे इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को खरीदने जा रहे हैं। उन्होंने लिखा कि मैं मैनचेस्टर यूनाइटेड खरीद रहा हूं। उनके इस ट्वीट के बाद






इंटरनेट पर एक बार फिर सनसनी बन गई है।

दरअसल, एलन मस्क आए दिन कई अप्रत्याशित कदम उठाते रहते हैं। पिछले दिनों वे ट्विटर को लेकर दुनियाभर में जबरदस्त चर्चा में थे। उन्होंने ऐलान किया था कि वे ट्विटर को खरीद रहे हैं। हालांकि उनकी यह डील फाइनल नहीं हो पाई थी। अब वे एक बार फिर इसी तरह का ऐलान कर चर्चा में आ गए हैं। उनके इस ट्वीट पर यूजर्स प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

मैनचेस्टर युनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्रेटर मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रेफोर्ड में स्थित एक इंग्लिश फुटबॉल क्लब है। यह दुनिया में सबसे अधिक लोकप्रिय फुटबॉल क्लबों में से एक है। इसी क्लब की तरफ से दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी खेलते हैं। इसी क्लब को खरीदने की बात एलन मस्क कह रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि आपके खरीदने से हो सकता है कि क्लब के प्रदर्शन में सुधार हो जाए।

यह महज संयोग ही है कि हाल ही में मैनचेस्टर यूनाइटेड को प्रीमियर लीग के इतिहास में अपनी सबसे करारी हार का सामना करना पड़ा। क्योंकि कोच एरिक टेन हैग की टीम ने शनिवार को ब्रेंटफोर्ड से 4-0 से हार का सामना किया।

## 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' व 'हर घर तिरंगा' मुहिम को समर्पित एक विशेष प्रदर्शनी जालंधर मॉडल टाउन स्थित निक्कू पार्क में शुरू हुई

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो जालंधर द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' व 'हर घर तिरंगा' मुहिम को समर्पित एक विशेष प्रदर्शनी मॉडल टाउन स्थित निक्कू पार्क में आज से शुरू हुई।

इस प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह व नगर निगम कमिश्नर दविंदर सिंह ने किया। तीन दिन चलने वाली इस प्रदर्शनी में आज़ादी संग्राम से संबंधित फोटो प्रदर्शनी व इस संग्राम में पंजाब से हिस्सा लेने वाले क्रांतिकारियों के बारे में जानकारियां के साथ ही भारत में विभिन्न क्षेत्रों में आज़ादी से लेकर अब तक हुई उन्नति व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान को दर्शाया है।

डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह ने सभी जालंधर वासियों को इस प्रदर्शनी को अपने बच्चों सहित आकर देखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम आज़ादी के 75 साल पूरे कर 76 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं और हम सबका ये दायित्व है कि अपने देश को पूरी निष्ठा के साथ बुलंदियों पर लेजाए। उन्होंने कहा कि देश भक्ति से भरे ऐसे प्रोग्राम बच्चों व नौजवानों में देश की तरक्की के लिए समर्पण की भावना भरते हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रति प्रेम ओर उसके लिए कुछ कर जाने की ललक ही देश को बुलंदियों पर ले जाती है।

देवेंद्र सिंह, एमसी कमिश्नर ने कहा आजादी के 75 साल के ऊपर यह जो प्रदर्शनी लगाई गई है, इसमें आजादी के बारे में बहुत ही विस्तार से बताया गया है कि कैसे हमारे शहीदों ने अलग-अलग आंदोलन चलाकर यह आजादी प्राप्त की है । हम उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों का शुक्रगुजार करते हैं जिनकी वजह से आज हम आजादी के 75 साल मना रहे हैं। तीन दिन चलने वाली इस प्रदर्शनी के दौरान कुछ मुकाबले भी करवाए जाएंगे और विजेताओं को वहीं पर इनाम भी बांटे जाएंगे। मंत्रालय की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व बच्चों के लिए जादू का प्रोग्राम भी होगा।

इसी तरह की प्रदर्शनियां जालंधर सहित चंडीगढ़ व शिमला में भी लगाई जा रही है।

'आज़ादी का अमृत महोत्सव' प्रोग्राम







प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीते वर्ष अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि अर्पित करके शुरू किया गया था। इस मौके पर ओरों के अलावा प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो चंडीगढ़ के सहायक निदेशक हर्षित नारंग व क्षेत्रीय प्रचार सहायक गुरकमल सिंह व दीपक दहिया भी मौजूद थे।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' पर लगाई प्रदर्शनी संपन्न



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो (CBC) जालंधर द्वारा 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' को समर्पित तीन दिवसीय प्रदर्शनी आज संपन्न हो गई।

देश भक्ति के जज्बे से लबरेज़ यह प्रदर्शनी जहां दर्शकों विशेष तौर पर बच्चों में देश प्रेम की भावना को ओर मज़बूत करने में कामयाब रही वहीं आज़ादी के 75 वर्षों में, मुख्य तौर पर देश द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों के बारे में बताई गई जानकारियां को भी लोगों ने सराहा।

ज़िला प्रशासन के सहयोग से मॉडल टाउन स्थित निक्कू पार्क में लगाई गई इस प्रदर्शनी में आज़ादी संग्राम से संबंधित फोटो व इस संग्राम में पंजाब से हिस्सा लेने वाले क्रांतिकारियों के बारे में जानकारियां के साथ ही भारत में विभिन्न क्षेत्रों में आज़ादी से लेकर अब तक हुई उन्नति व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान को दर्शाया गया था।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के एडिशनल डायरेक्टर जनरल (उत्तरी क्षेत्र) राजेन्द्र चौधरी ने कल इस प्रदर्शनी के दौरे के दौरान वहां उपस्थित दर्शकों का इसे देखने आने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि देश भक्ति से भरे ऐसे प्रोग्राम देश की तरक्की के लिए समर्पण की भावना भरते हैं ओर देश को ऊंचे मुकाम पर लेजाने में सहाई होते हैं। आज इस प्रदर्शनी के आखरी दिन आज़ादी का अमृत महोत्सव, आज़ादी दिवस व स्वतंत्रता संग्राम विषयों पर ड्राइंग व भाषण मुकाबले करवाए गए। इनमे मॉडल टाउन स्थित सरकारी सीनियर सैकंडरी स्कूल फॉर गर्ल्स, दयानंद मॉडल सीनियर सैकंडरी स्कूल ओर गुरु अमरदास सीनियर सैकंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर एक ड्राइंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें पहला स्थान कुमारी रितिका दयानंद मॉडल स्कूल, दूसरा स्थान कुमारी आर्षप्रीत कौर दयानंद मॉडल स्कूल, तीसरा स्थान कुमारी कमला गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मॉडल टाउन ने जीता और पुरस्कार सांत्वना पुरस्कार कुमारी मनप्रीत कौर ने जीता।

इस संबंध में एक भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें पहला स्थान कुमारी नेहा गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दूसरा स्थान कुमारी पप्रभलीन कौर गुरु अमरदास पब्लिक, तीसरा स्थान कुमारी अक्षिता दयानंद मॉडल स्कूल ने जीता और सांत्वना पुरस्कार कुमारी सालवी बजाज, गुरु अमरदास पब्लिक स्कूल ने जीता ।

इसी दौरान एक प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें सभी स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया और आगे बढ़ चढ़कर प्रश्नों के उत्तर दिए और विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।

मंत्रालय की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जादूगर की जादूगरीयों को बच्चों सहित बढ़ो ने भी सराहा।

# फगवाड़ा चीनी मिल हर हाल में चलाई जाएगी: कुलदीप सिंह धालीवाल

## बोले- गन्ना काश्तकारों का कोई नुक्सान नहीं होने दिया

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



पंजाब सरकार द्वारा फगवाड़ा चीनी मिल हर हालत में चलाई जायेगी और गन्ना काश्तकारों का कोई नुक्सान नहीं होने दिया जायेगा। आज यहाँ राज्य के कृषि मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने फगवाड़ा चीनी मिल के मसले का हल निकालने के लिए किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मीटिंग की। कृषि मंत्री ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि इस सीजन के दौरान फगवाड़ा चीनी मिल चलाने के लिए अलग-अलग स्तर पर बातचीत की जा रही है। कुलदीप सिंह धालीवाल ने किसानों को भरोसा दिलाया कि किसानों की फगवाड़ा चीनी मिल की तरफ बकाया राशि को दिलाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंने साथ ही कहा कि चीनी मिल मालिकों, बैंकों और अन्य कानूनी पहलूओं को विचार कर जल्द किसानों को अच्छी ख़बर दी जायेगी।

कृषि मंत्री ने फगवाड़ा चीनी मिल चलाने संबंधी जानकारी सांझा करते हुये बताया कि फगवाड़ा चीनी मिल बंद नहीं होने दी जायेगी, इसको चलाने के लिए कई प्राईवेट फर्मों के साथ बातचीत की जा रही है। उन्होंने साथ ही कहा कि यदि ज़रूरत पड़ी तो सरकार इस मिल को चलाएगी, परन्तु गन्ना काश्तकारों का कोई नुकसान नहीं होने दिया जायेगा। मीटिंग में भारतीय किसान यूनियन दोआबा के जनरल सचिव सतनाम सिंह साहनी, सीनियर उप प्रधान कृपाल सिंह, शहीद भगत सिंह नगर के ज़िला प्रधान कृपाल सिंह मूसापुर और जालंधर से किसान नेता हरप्रीत सिंह उपस्थित थे।

# किसानों को कुचलने वाले आशीष मिश्रा के पिता को मोदी ने मंत्रिमंडल से बाहर क्यों नहीं निकाला? : मलविंदर कंग

## कहा- आम आदमी पार्टी भाजपा सरकार के खिलाफ किसानों के इस संघर्ष के साथ खड़ी

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़




पंजाब के हजारों किसानों द्वारा यूपी के लखीमपुर खीरी पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने पर आम आदमी पार्टी(आप) ने केन्द्र की भाजपा सरकार को घेरा और कहा कि मोदी सरकार जानबूझकर इस मामले में किसानों को न्याय दिलाने में देरी कर रही है। वीरवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए आप पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के साथ बदले की भावना से काम कर रहे हैं, क्योंकि किसानों ने उन्हें तीनों कृषि कानून वापस लेने को मजबूर किया था। कंग ने भारतीय जनता पार्टी की आलोचना की और कहा कि केन्द्र और राज्यों की भाजपा सरकारों ने किसानों पर झूठे मुकदमें दर्ज कर साल भर से ज्यादा समय से जेल में डाला हुआ है। मोदी सरकार के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा ने किसानों को बेरहमीपूर्वक अपनी गाड़ी से कुचलकर जान ले ली, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अभी तक मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर नहीं निकाला है। इस मामले में किसानों को अभी तक न तो कोई न्याय मिला और न ही अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई हुई। इसीलिए पंजाब और अन्य राज्यों के किसान लखीमपुर खीरी में प्रदर्शन कर रहे हैं। कंग ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों के इस संघर्ष के साथ खड़ी है।

कंग ने प्रधानमंत्री मोदी पर किसानों के साथ छल करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने कहा था कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे और इसके लिए एक कमेटी बनाई जाएगी जिसमें किसानों की नुमाइंदगी होगी। लेकिन एमएसपी कमेटी में जो 23 सदस्य हैं, वे किसान आंदोलन के समय तीनों कृषि कानूनों की हिमायत कर रहे थे। कमेटी में पंजाब के किसानों को कोई नुमाइंदगी ही नहीं दी गई।

कंग ने कहा कि यह सारी चीजें दर्शाती है कि प्रधानमंत्री मोदी पंजाब के किसानों को नीचा दिखा रहे हैं। बदले की भावना से उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और भाजपा सरकारों का किसान विरोधी चेहरा उजागर हो चुका है। भाजपा कभी भी किसान हितैषी नहीं हो सकती। वह कॉर्पोरेटों की गुलाम पार्टी है।

# कैबिनेट मंत्री जिंपा ने जन्माष्टमी पर निकाली शोभा यात्रा में लिया हिस्सा



• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

कैबिनेट मंत्री पंजाब ब्रम शंकर जिंपा ने श्री शिवरात्रि एवं उत्सव कमेटी की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभा यात्रा में हिस्सा लेते हुए भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने अधर्म और अत्याचार का अंत कर धर्म की स्थापना की। उन्होंने जहां गीता के माध्यम से मानवता का पथ प्रर्दशित किया है वहीं उन्होंने संपूर्ण मानवजाति को निष्काम भाव से कर्म करने के लिए प्रेरित किया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि संतो की नगरी होशियारपुर में निकाली गई इस भव्य शोभा यात्रा ने पूरा माहौल कृष्णमय कर दिया है। उन्होंने श्रद्धा, आस्था व विश्वास के इस त्यौहार पर सभी को एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का पूरा जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा का ेत है और उनका कर्म पर आधारित उपदेश आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपयोगी है।

# आवास निर्माण और शहरी विकास मंत्री अमन अरोड़ा ने डेराबस्सी के उद्योगपतियों की समस्याएं सुनी



• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब के आवास निर्माण और शहरी विकास मंत्री अमन अरोड़ा ने डेराबस्सी के उद्योगपतियों को पेश मुश्किलों को ध्यान से सुनते हुये कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य में औद्योगिक विकास के लिए बढ़िया माहौल सृजन करने के लिए उद्योगपतियों की जायज माँगों पर गौर करेगी। आवास निर्माण और शहरी विकास विभाग और इंडस्ट्रीज विभाग के सीनियर अधिकारियों के साथ उद्योगपतियों की समस्याओं संबंधी विचार-विमर्श करने के लिए पुड्डा भवन, एस. ए. एस. नगर में बुलायी मीटिंग की अध्यक्षता करते हुये श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के आर्थिक विकास में उद्योगों की भूमिका और ज़रूरतों को अच्छी तरह समझती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आवास निर्माण और शहरी विकास और इंडस्ट्रीज विभाग की तरफ से उद्योगपतियों की जायज़ माँगें हमदर्दी से विचारी जाएंगी और उद्योगों के विकास के लिए सुखद और उद्योग-समर्थकी माहौल सृजन करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नये उद्योगों की स्थापना से राज्य में आने वाले निवेश और इसके साथ पैदा होने वाले रोज़गार के मौकों से भली-भाँति अवगत है। इसलिए नियमों को आसान बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जायेगी।

# पीसीपी-एनडीटी एक्ट सख्ती से लागू किया जा रहा : डॉ. रमन शर्मा



• जालंधर ब्रीज.जालंधर

जिले में पीसी-पीएनडीटी एक्ट को सख्ती से लागू करन की वचनबद्धता को मुख्य रखते हुए गुरूवार को जिला एडवाईज़री कमेटी (पीसी-पीएनटीडी) की मीटिंग का आयोजन सिविल सर्जन जालंधर डॉ. रमन शर्मा की अगुवाई में सिविल सर्जन दफ्तर में किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. रमन शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि तीन स्कैनिंग सेंटरों द्वारा नई रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए निवेदन प्राप्त हुए थे। तीनों सेंटरों द्वारा पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत ज़रूरी दस्तावेज पूरे थे। जिला एडवाईज़री कमेटी मैंबरों की सहमती से इनमें से एक स्कैन सेंटर को मंजूरी दे दी गई और कमेटी मैंबरों द्वारा दो स्कैनिंग सैंटरों को इंस्पेक्शन करने के बाद ही अप्रूवल देने पर सहिमती प्रगटाई गई।

इसके साथ ही 6 स्केनिंग सेंटरों द्वारा सेंटरों की रजिस्ट्रेशन रीन्यूल करवाने के लिए निवेदन प्राप्त हुए थे। मीटिंग के दौरान समुह जिला एडवाईज़री कमेटी मैंबरों की सहमती से इन 6 सेंटरों की एप्लीकेशन पर विचार करते हुए रीन्यूल की मंजूरी दे दी गई। सिविल सर्जन ने कहा कि जिले में पीसी अते पीएनडीटी एक्ट को सख्ती से लागू किया जा रहा है व इसको मुख्य रखते हुए सेहत विभाग द्वारा स्केनिंग सेंटरों में इंस्पेक्श की जा रहीं हैं।

# घरों के गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग एकत्र करना बनाया जाए यकीनी : डिप्टी कमिश्नर



• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर संदीप हंस ने आज जिला प्रशासकीय कंप्लेक्स में अलग-अलग विभागों के प्रमुखों के साथ मासिक बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकारी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वातावरण की संभाल के लिए घरों के गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग एकत्र करना यकीनी बनाया जाए। इसके अलावा सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत गीले व सूखे कूड़े के प्रबंधन के लिए गंभीरता दिखाई जाए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक की रोकथाम के लिए विशेष कदम उठाए जाएं व सख्त कार्रवाई करते हुए चालान भी काटे जाएं क्योंकि अब सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। इस मौके पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(सामान्य) अमित महाजन, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(विकास) दरबारा सिंह भी मौजूद थे।

डीसी ने जिले में चल रहे विकास कार्यो का जायजा लेते हुए हिदायत की कि शुरु किए विकास कार्य निश्चित समय के दौरान मुकम्मल किए जाएं। इसके अलावा विकास कार्य मुकम्मल होने पर उपयोगिता सर्टिफिकेट भी मुहैया करवाए जाएं। उन्होंने वाटर सप्लाई व सैनिटेशन, यू.ई.आई.पी, प्रधान मंत्री आवास योजना के अलावा अन्य कई योजनाओं की समीक्षा भी की।

# खेल विभाग जल्द ही 110 नए कोचों की भर्ती करेगा : मीत हेयर

## कहा- पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए नई खेल नीति की घोषणा जल्द की जाएगी

• जालंधर ब्रीज.जालंधर



राज्य में खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए पंजाब सरकार के प्रयासों के तहत 29 अगस्त को जालंधर से मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा शुरू होने वाला पंजाब खेल मेला-2022 "खेलां वतन पंजाब दीयां" राज्य में नई ऊर्जा का संचार करेगा। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने खेल मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए स्थानीय जिला प्रशासन परिसर में आयोजित एक बैठक के दौरान कहा कि यह पहली बार है कि राज्य के प्रत्येक जिले में खेल मेले के तहत 28 खेल मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। खेल मेले में बच्चों से लेकर 50 वर्ष तक के लोग भाग ले सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि खेल प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए एक विशेष पोर्टल www.punjabkhedmela2022.in भी शुरू किया गया है और विभिन्न खेलों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण 25 अगस्त, 2022 तक जारी रहेगा। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए नई खेल नीति जल्द: खेल मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए जल्द ही नई नीति लाई जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी बताया कि खेल विभाग द्वारा जल्द ही 110 कोचों की भर्ती की जा रही है।

नकोदर से विधायक इंद्रजीत कौर मान, जालंधर सेंट्रल से विधायक रमन अरोड़ा, करतारपुर से विधायक बलकार सिंह, जालंधर पश्चिम से विधायक शीतल अंगुराल, प्रमुख सचिव खेल विभाग राज कमल चौधरी, निदेशक खेल विभाग राजेश धीमान, डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर मेजर अमित सरीन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सांसद संजीव अरोड़ा ने किया सिंहपुरा गवर्नमेंट प्राइमरी स्मार्ट स्कूल के नए भवन का उद्घाटन

• जालंधर ब्रीज.लुधियाना




पंजाब से सांसद (राज्यसभा) संजीव अरोड़ा ने गुरुवार को कंट्री होम्स के पास सिंहपुरा गांव में सिंहपुरा गवर्नमेंट प्राइमरी स्मार्ट स्कूल के नए भवन का उद्घाटन किया। स्कूल की नई इमारत का निर्माण कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत अरिसुदाना इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किया गया है, जिसे प्रसिद्ध खन्ना परिवार द्वारा चलाया जा रहा है। अरिसुदाना इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन केवल खन्ना, एमडी गगन खन्ना, डायरेक्टर सिद्धार्थ खन्ना, नोमिता खन्ना और आकृति जैन खन्ना उपस्थित थे।

अपने उद्घाटन भाषण में, सांसद संजीव अरोड़ा ने कहा कि वह खन्ना परिवार, विशेष रूप से आकृति खन्ना, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से पूरे काम की निगरानी की है, द्वारा सीएसआर गतिविधि के तहत यहां किए गए सराहनीय कार्यो को देखकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल की नई इमारत एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाई गई है।

अरोड़ा ने कहा कि देश में कुल जीडीपी का 3.5 फीसदी बजट शिक्षा के लिए रखा गया है, जो बहुत ही कम है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को शिक्षा के लिए अधिकतम बजट रखना चाहिए।

# पहले वनडे में टीम इंडिया को मिली बड़ी जीत

**• उप कप्तान शिखर धवन ने 113 गेंदों में 81 रनों की पारी खेली। तो वही युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने 72 गेंदों में 83 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली जिसमें 10 चौके और 1 छक्के शामिल थे...**



फोटो- बीसीसीआई

**मुंबई :** टीम इंडिया इस वक्त जिंबाब्वे दौरे पर है। जिंबाब्वे के खिलाफ भारत को तीन एकदिवसीय मुकाबला खेलना है। आज हरारे में पहला एकदिवसीय मुकाबला खेला गया जिसमें भारतीय टीम ने जबरदस्त जीत हासिल की है। टॉस जीतकर पहले जिंबाब्वे को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित करने वाली टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिंबाब्वे की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 189 रन ही बना सकी। जीत के लिए भारत को 190 रनों की दरकार थी। भारत ने 30.5 ओवर में ही बिना कोई विकेट खोए। इस लक्ष्य को हासिल कर लिया है। भारत की ओर से दोनों ही सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाया है। उप कप्तान शिखर धवन ने 113 गेंदों में 81 रनों की पारी खेली। तो वही युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने 72 गेंदों में 83 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली जिसमें 10 चौके और 1 छक्के शामिल थे। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिंबाब्वे को 189 रनों के स्कोर पर रोक दिया था।

भारत की ओर से काफी लंबे समय बाद टीम में वापसी कर रहे दीपक चहर ने 7 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। तो वही प्रसिद्ध कृष्णा और अक्षर पटेल को भी तीन-तीन विकेट मिले थे। कुलदीप यादव ने किफायती गेंदबाजी की थी। वहीं, मोहम्मद सिराज के भी खाते में एक विकेट गया था। दीपक चहर को मैन ऑफ द मैच दिया गया है। इससे पहले कोविड-19 और खेल हर्निया की सर्जरी के कारण लगभग तीन महीने बाद वापसी कर रहे भारतीय कप्तान लोकेश राहुल के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के फैसले को उनके गेंदबाजों ने सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जिंबाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 11वें ओवर में 31 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। चाहर और सिराज ने कुछ दिशाहीन गेंदों के अलावा अन्य गेंदों पर बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। अंततः छठे ओवर में इनोसेंट काइया का धैर्य जवाब दे गया और वह चाहर की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में विकेटकीपर संजू सैमसन को कैच दे बैठे। काइया ने 20 गेंद में चार रन बनाए। चाहर के अगले ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज तादिवनाशे मरुमानी (08) ने भी सैमसन को कैच थमाया। सिराज ने अनुभवी सीन विलियम्स (01) को पहली स्लिप में धवन के हाथों कैच कराया जबकि चाहर ने वेस्ली माधेवेरे (05) को पगबाधा करके जिंबाब्वे को चौथा झटका दिया। भारतीय गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि जिंबाब्वे के बल्लेबाज शुरुआती 10 ओवर में सिर्फ एक चौका जड़ पाए जो मरुमानी के बल्ले से निकला।

## हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की...





**• जालंधर के विनय नगर में गुरूवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई। मोहल्ला वासियों ने मिलजुल कर संकीतर्ण किया और कृष्ण भजनों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।**

# डॉ. बलजीत कौर आम आदमी क्लीनिक में करेंगे आंखों की जांच

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर 20 अगस्त शनिवार को गांव भागसर (मुक्तसर साहिब) के आम आदमी क्लीनिक में लगाए जा रहे कैंप में मरीज़ों की आँखों की जांच करेंगे। बताने योग्य है कि मंत्री स्वयं आँखों के माहिर हैं और पिछले कई सालों से मालवा क्षेत्र के लोगों का ऑपरेशन, जांच और इलाज कर रहे हैं। कैंप के दौरान आँखों की जांच करवाने के लिए आने वाले सभी मरीज़ों को दवाएँ मुफ़्त दीं जाएंगी। मंत्री ने लोगों से अपील करते हुये कहा है कि यह संदेश ज़रूरतमंदों तक पहुँचाया जाये जिससे अधिक से अधिक लोग आँखों के मुफ़्त कैंप का लाभ उठा सकें।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.